भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सख्या.237/ 8/प्र.नि.(परीक्षा)/परिणाम/एसएएस/
आरए/आई /सीपीडी-Iफर.मार्च/2015
दिनांकः-25/05/2015

2015 का परिपत्र संख्या 6

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/ एनएएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- फरवरी/मार्च, 2015 (पूरक) एस.ए.एस/आरए/आई/सीपीडी - I परीक्षाओं का परिणाम।

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित किया जाता है कि 20-03-2015 से 27-03-2015 तक आयोजित की गई फरवरी/मार्च 2015 (पूरक) एस.ए.एस/आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाओं का परिणाम घोाति हो चुका है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया परिणाम तथा गणना कार्ड निम्नलिखित वेब लिंक, http:// examreg. cag.gov. in/cag. _admin/ और http://saiindia. gov.in/ english/home/about_us/OtherWings/Examination/ Result/Result. html से डाउनलोड करें।

यूजर आईडी तथा पासवर्ड वही है जैसा अभ्यर्थियों के पंजीकरण के अनुमोदन के लिए विभागाध्यक्षों को भेजा गया था। विधिवत् हस्ताक्षरित हार्ड प्रति अलग से भेजी जा रही है।

भवदीय,
हस्ता/-
(एस.आर.धल)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली - 110124

परीक्षाअनुभाग

संख्या. /04-परीक्षा/कार्यक्रम/एसएएस/आरए/
आई/सीपीडी-I/अगस्त-2015
दिनांकः- 01-05-2015

2015 का परिपत्र संख्या 5

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/ एनएएए, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- वार्षिक/मुख्य 2015 अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस) परीक्षा में बैठने हेतु अभ्यर्थियों का पात्रता मानदंड।

महोदय/महोदया,

सीएजी एमएसओ (प्रशा.) खण्ड-I के पैरा 9.2.6 में उपलब्ध प्रावधान में छूट से संबंधित स्टाफ नियुक्ति विंग के पत्र संख्या 1021/स्टाफ नियुक्ति-I/18-2010/केडब्ल्यू दिनांक 10-11-2014 के माध्यम से जारी परिपत्र संख्या 40-स्टाफ (नियुक्ति.- I)/2014 के अनुसरण में यह कहा जाता है कि अगली वार्षिक/मुख्य एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाऐं अगस्त 2015 में आयोजित की जायेंगी। उक्त वार्षिक/मुख्य 2015 परीक्षाओं में बैठने के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता का मानदंड तदनुसार निश्चित किया जाये।

2. अभ्यर्थियों के पंजीकरण के दौरान उक्त परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता मानदंड उपरोक्त परिपत्र के पैरा 3 में वर्णित का कड़ाई से पालन किया जाये।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेंजे।

भवदीय,
हस्ता/-
(एस.आर धल)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

सं. 108/45-परीक्षा/परिपत्र/अग.13/2010 (खण्ड-III)
दिनांकः 31-3-2015

परीक्षा अनुभाग
2015 का परिपत्र संख्या 04

सेवा में
भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./ एनएएए शिमला/आई.सी.आई.एस ए.नोएडा, एवं
निदेशक (कार्मिक)

विायः - अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखा परीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षा /सीपीडी परीक्षा अगस्त 2015।

महोदय/महोदया,

अगस्त 2015 में अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा (एसएएस)/राजस्व लेखापरीक्षा/प्रोत्साहन/सीपीडी परीक्षाएं निम्नलिखित कार्यालयों में आयोजित करने का निर्णय किया गया हैः-

(अ) लेखापरीक्षा कार्यालय

(i) राजस्व लेखा परीक्षा (आरएई) और सीपीडी-। परीक्षा सभी कार्यालयों में आयोजित की जाएगी।

(ii) अधीनस्थ लेखापरीक्षा सेवा (एसएएस) परीक्षा सभी कार्यालयों में (सभी श्रेणियों के लिए) आयोजित की जाएगी।

(ब) लेखा एवं हकदारी कार्यालयः

(i) प्रोत्साहन परीक्षा (आईई) और सीपीडी-। परीक्षा सभी लेखा एवं हकदारी कार्यालयों में आयोजित की जाएगी।

(ii) अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगीः

| क्र.सं. | ले. एवं हक. कार्यालय का नाम | सभी श्रेणी | केवल अ.जा. एवं ज.जा. के लिए | केवल अ.जा. के लिए | परीक्षा का आयोजन न करना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | -- | हां | -- | -- |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | हाँ | -- | -- | -- |
| 3. | असम | हाँ | -- | -- | -- |
| 4. | बिहार | हाँ | -- | -- | -- |
| 5. | छत्तीसगढ | हाँ | -- | -- | -- |
| 6. | गुजरात | हाँ | -- | -- | -- |
| 7. | हरियाणा | -- | -- | हाँ | -- |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | हाँ | -- | -- | -- |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9. | जम्मू एवं कश्मीर | हाँ | -- | -- | -- |
| 10. | झारखण्ड | हाँ | -- | -- | -- |
| 11. | कर्नाटक | हाँ | -- | -- | -- |
| 12. | केरल | -- | हाँ | -- | -- |
| 13. | मध्य प्रदेश | हाँ | -- | -- | -- |
| 14. | महाराट्र | हाँ | -- | -- | -- |
| 15. | मणिपुर | हाँ | -- | -- | -- |
| 16. | मेघालय | हाँ | -- | -- | -- |
| 17. | मिजोरम | हाँ | -- | -- | -- |
| 18. | नागालैण्ड | हाँ | -- | -- | -- |
| 19 | उड़ीसा | -- | -- | -- | हाँ |
| 20. | पंजाब | हाँ | -- | -- | -- |
| 21. | राजस्थान | -- | -- | -- | हाँ |
| 22. | सिक्किम | -- | -- | -- | हाँ |
| 23. | तमिलनाडु | -- | -- | हाँ | -- |
| 24. | त्रिपुरा | हाँ | -- | -- | -- |
| 25 | उत्तर प्रदेश | हाँ | -- | -- | -- |
| 26. | उत्तराखण्ड | हाँ | -- | -- | -- |
| 27. | पश्चिम बंगाल | हाँ | -- | -- | -- |

(स) लेखा एवं हकदारी कर्मचारियों के लिए एस ए एस (लेखापरीक्षा) :- लेखा एवं हकदारी कर्मचारियों के लिए लेखा एवं हकदारी कार्यालयों से नये अभ्यर्थियों को एस ए एस (लेखापरीक्षा) 2015 में बैठने की अनुमति नहीं है। तथापि ऐसे वर्ग "ब" तथा "स" कर्मचारियों जो पूर्व वर्षों में एस ए एस (लेखापरीक्षा) में पहले भाग ले चुके है एवं अभी कुछ प्रश्न-पत्र उत्तीर्ण करने बाकी है तथा उनके अवसर भी पूर्ण नहीं हुए है, को एस ए एस (लेखापरीक्षा) अगस्त, 2015 में बैठने की अनुमति है। किन्तु लेखा अधिकारी के तौर पर पदोन्नत होने के बाद अभ्यर्थी एसएएस परीक्षा 2015 में उपस्थित होने हेतु अनुमत नहीं हो सकते हैं।

भवदीय,
हस्ता/-
(एस आर धल)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली -110124

परीक्षा अनुभाग

सं.. 82/45-परीक्षा/परिपत्र/अगस्त-2015/पूरक/2010 (खण्ड-ख्ख्ख्)
दिनांकः 09-03-2015

2015 का परिपत्र संख्या 3

सेवा में

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के सभी संबंधिता वभागाध्यक्ष
आर.टी. आई./ आर.टी.सी./ एन.ए.ए.ए. शिमला/आई.सी.आई.एस.ए, नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- अगस्त 2015 वार्षिक एसएएस /आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र।

महोदय/महोदया

20-03-2015 से 27-03-2015 तक आयोजित होने वाली अगस्त 2015 वार्षिक एसएएस /आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र तैयार हैं। तथा 09-03-2015 से 16-03-2015 तक निम्नलिखित लिंक से डाउनलोड किये जा सकते है। प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी किये जायेंगे तथा अभ्यार्थी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से डाउनलोडिंग अनुमत नहीं है। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना वर्तमान का पासपोर्ट साइज का फोटो ग्राफ जो कि 1 मार्च 2014 से पूर्व का नहीं होना चाहिए, चिपका कर उस पर अपने हस्ताक्षर करें। प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर प्रशासन के प्रभारी अधिकारी वरि. प्रशासन अधिकारी/प्रशासन अधिकारी द्वारा सत्यापित होने चाहिए। यह दो प्रतियों में है, एक प्रति अभ्यर्थी के लिए है तथा दूसरी कार्यालय अभिलेख के लिए है (कार्यालय प्रति)। प्रवेश पत्रों का प्रिन्ट एक क्लिक में 25 प्रवेश पत्र निम्न मार्ग से लिया जा सकता है।

- Link http://examreg.cag.gov.in/cag.admin
- अभ्यर्थता के अनुमोदन के लिए पूर्व में सूचित "यूजर ID तथा HOD Password" का प्रयोग करें।

- लॉग इन के बाद, मीनू बार में आने वाले एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-रू अभ्यर्थियों पर क्लिक करे।
- 25 प्रवेश पत्र प्रिन्ट करने के लिए "हाइपर लिंक" 0_-24,25_49 - - - क्लिक करें।
- एक प्रवेश पत्र का प्रिन्ट लेने के लिए अभ्यर्थी के इंडेक्स नंबर पर क्लिक करें।

प्रवेश पत्रों पर उपलब्ध स्थान पर वरि. प्रशासन अधिकारी/प्रशासन अधिकारी (प्रशासन) के प्रतिहस्ताक्षर होने चाहिए।

कृपया इस पत्र की पावती भेजें।

भवदीय
हस्ता/-
(एस.आर.धल)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ल्ली-110124

परीक्षा अनुभाग

2015 का परिपत्र सं.2

सं 69/45- परीक्षा /परिपत्र/फरवरी/मार्च-2015/पूरक/2010(खण्ड-III)
दिनांकः- 03-03-2015

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएए,शिमला/आईसीआईएसए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- फरवरी/मार्च 2015 में आयोजित होने वाली पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस) /राजस्व लेखापरीक्षा (आरए)/प्रोत्साहन (आई)/सतत व्यवसायिक विकास (सीपीडी-I) परीक्षाओं के लिए डेट शीट।

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के पत्र संख्या 911/45-परीक्षा/पूरक/फरवरी/मार्च 2015/2010 (खण्ड- III) दिनांक 14-11-2014 के माध्यम से जारी 2014 के परिपत्र संख्या 13 की निरंतरता में यह बताया जाता है कि संलग्न डेटशीट के अनुसार पूरक एसएएस /आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाऐं 20-03-2015 से 27-03-2015 तक आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा में बैठने वाले पात्र अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित कर दिया जाये।

कृपया इस पत्र की प्राप्ति की पावती भेजे।

संलग्नकः- डेटशीट

भवदीय
हस्ता/-
(एस आर धल)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुरशाह जफरमार्ग नई दिल्ली।

मार्च 2015 पूरक एस.ए.एस./आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाओं की डेटशीट

| दिनांक/दिन | पूर्वाहन सत्र (9 : 00 से 13 : 30) | अपराहन सत्र (14 : 00 से 18 : 30) |
|---|---|---|
| 20 03- 2015 शुक्रवार | पी.सी. - 1 (1पेपर) | आरएई-1 एवं आईई -1, पीसी -27,28,29 (5 पेपर) |
| 21-03- 2015 शनिवार | पी.सी.- 2 (1पेपर) | पी.सी. -8,9,10,11,एवं 12, (5 पेपर) |
| 22-03-2015 रविवार | अवकाश | अवकाश |
| 23-03-2015 सोमवार | पी. सी. - 3एवं आई-3 (2 पेपर) | पी. सी. - 13,14 एवं 15 (3 पेपर) |
| 24-03-2015 मंगलवार | पी.सी.- 4 एवं आईई-4 (2 पेपर) | पी.सी.- 16,17,18,19 एवं 20 (5 पेपर) |
| 25-03-2015 बुधवार | पी.सी- 5,6,7 एवं आरएई-10 (4पेपर) | पी.सी.- 21,22,23,24,25 एवं 26, एवं आरएई-4 से आरएई - 9 (12 पेपर) |
| 26-03-2015 बृहस्पतिवार | आरएई-2 एवं आरएई-3 (2 पेपर) | आई-2 (1 पेपर) |
| 27-03-2015 शुक्रवार | सी - 2 (1 पेपर) | सी - 1 (1 पेपर) |

**बैच टाईमिंगस**

| दिनांक | पूर्वाहन सत्र | | अपराहन सत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | बैच - I | बैच - II | बैच - III | बैच - IV |
| 20-03-2015 शुक्रवार | 9 : 00 से 11 : 30 | ---- | 14 : 00 से 16.: 00 | 16 : 30 से 18 : 30 |
| 21-03-2015 से 27-03-2015 | 9 : 00 से 11 : 00 | 11 : 30 से 13 : 30 | 14 : 00 से 16 : 00 | 16 : 30 से 18 : 30 |

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय,10 बहादुर, शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110124

संख्या. 8/45-परीक्षा/परिपत्र/अगस्त 2015/2010/ खण्ड-III

दिनांक: - 14 -01-2015

परीक्षा अनुभाग

2015 का परिपत्र संख्या 01

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी सम्बन्धित कार्यालय
आर.टी.आई/ आर.टी.सी/ एन.ए.ए.ए. शिमला/आई सी आई एस ए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: - फरवरी/मार्च, 2015 पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एस ए एस.)/राजस्व लेखापरीक्षा/ प्रोत्साहन परीक्षा एवं सतत् व्यवसायिक विकास (सीपीडी-I ) परीक्षाएँ

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि पी.सी.-I, भाषा कौशल के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक एस.ए.एस. पूरक परीक्षा, फरवरी/मार्च, 2015 में परीक्षा देने के लिए कस्टमाईजड ले आउट की बोर्ड "रैमिंगटन" के साथ आम तौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फोन्ट उपलब्ध होगा। यही पहले से ही सी.ए.जी की बेबसाइट पर पी.सी-I भाषा कौशल के अभ्यर्थियों को अभ्यास के लिए डेमो टैस्ट में अपलोड किया हुआ है। डेमो टेस्ट वेबसाइट http://cbexams.com/cagdtest, पर मार्ग About Us > Other Wings > Examination. द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। पीसी-4/आईई-4 सूचना तकनीकी (व्यवहारिक) एवं पीसी-I भाषा कौशल पेपर फरवरी/मार्च, 2015 (पूरक) एसएएस/प्रोत्साहन परीक्षा के लिए आपरेटिंग सिस्टम तथा साफ्टवेयर क्रमशः "विंडो एक्सपी" एवं "एम एस ऑफिस 2003" होगा। इसलिए अभ्यर्थियों को इसके अनुसार प्रशिक्षण देना चाहिए। यह दोहराया जाता है कि अभ्यर्थियों को सी.बी.टी.मोड द्वारा परीक्षा से परिचय कराने के लिए, पी.सी.-I भाषा कौशल के भाग "ब" (मसौदा तथा लेखन योग्यताएं) सहित संबंधित पेपरों में अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इस के अतिरिक्त सीबीटी मोड में परीक्षा देते समय टैब एवं कन्ट्रोल कीज, कट, कापी एवं पेस्ट कमान्ड्स को प्रश्न-पत्र की परीक्षा के समय निष्क्रिय कर दिया जायेगा। टूल बॉक्स में दर्शाया गया इन्डेन्ट बटन का प्रयोग पैरो के बीच की जगह बढ़ानें या घटाने में किया जाता है जैसा कि अनुदेशों में इंगित है। पी.सी.-4/आई.ई-4 सूचना तकनीकि (व्यवहारिक)प्रश्न-पत्र में भी शार्ट कट कीज़ जैसे 'Ctrl Key' भी निष्क्रिय रहेगी।

फरवरी/मार्च, 2015 की एस.ए.एस./आई.ई. पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित किया जाये।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

हस्ता/-

(एस.आर.धल)

प्रधान निदेशक (परीक्षा)